# आसनसोल लोक सभा सीट से तृणमूल, भाजपा और माकपा प्रत्याशी ने भरा नामांकन, तीनों ने दिखाया अपना दम-खम



**आसनसोल ।** 23 अप्रैल का दिन आसनसोल लोकसभा चुनाव को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण दिन है। मंगलवार को भाजपा तृणमूल कांग्रेस और माकपा तीनों दलों के प्रत्याशीयों के नामांकन जमा करने की बात है। सुबह से ही जिला शासक कार्यालय के आसपास सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन की तरफ से जिला शासक दफ्तर तक आने वाले हर मार्ग पर महत्वपूर्ण चौराहों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे जगह- जगह पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग की गई थी। आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से नामांकन को देखते हुए सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए थे। सबसे पहले आज तृणमूल कांग्रेस के शत्रुघ्न सिन्हा ने नामांकन जमा किया। इस मौके पर उनके साथ उनकी पत्नी पूनम सिन्हा आसनसोल नगर निगम के चेयरमैन तथा शत्रुघ्न सिन्हा के इलेक्शन एजेंट अमरनाथ चटर्जी आसनसोल नगर निगम के डिप्टी मेयर अभिजीत घटक वसीम उल हक़ वरिष्ठ टीएमसी नेता वी शिवदासन दासु उपस्थित है। यहां पर शत्रुघ्न सिन्हा पहले एक रैली की शक्ल में जिला शासक कार्यालय तक आए इसके बाद नियम के अनुसार चार लोगों के साथ जिला शासक कार्यालय पहुंचे और जिला शासक के सामने नामांकन पत्र जमा किया। नामांकन जमा करने के उपरांत टीएमसी प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा सिंह ने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल में जो कार्य किए गए हैं और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा इस राज्य की जनता के लिए पिछले कई वर्षों से जो कार्य किया जा रहे हैं। उनको देखते हुए कहा जा सकता है कि इस बार भी यहां से लोग टीएमसी को ही आशीर्वाद देंगे उन्होंने कहा कि जो जन सैलाब देखा जा रहा है। उससे यह बात तो तय है कि आने वाले 13 मई को आसनसोल लोकसभा क्षेत्र की जनता एक बार फिर टीएमसी को ही जीत दिलवाएगी।

## आसनसोल लोस चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी एसएस अहलूवालिया ने नामांकन पर्चा किया जमा



**आसनसोल ।** आसनसोल लोकसभा केंद्र से चुनाव के लिए आज भाजपा प्रत्याशी एस एस अहलूवालिया ने भी अपना नामांकन भर दिया। एस एस अहलूवालिया के साथ नामांकन जमा करने पूर्व मेयर सह भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी, कुल्टी के विधायक डॉ. अजय पोद्दार, जिला भाजपा अध्यक्ष बप्पा चटर्जी उपस्थित थे। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक भी जिला शासक दफ्तर तक पहुंचे। सीमा के बाहर अन्य कार्यकर्ता तथा समर्थकों को प्रशासन द्वारा रोक दिया गया । इसके बाद नियम अनुसार चार साथियों के साथ सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया नामांकन केंद्र पहुंचे। यहां पर उन्होंने जिलाशासक एस पोन्नाबलम को अपना नामांकन पत्र जमा किया। नामांकन जमा करने के बाद सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया ने पत्रकारों से बात की उन्होंने कहा कि आज उन्होंने आसनसोल लोकसभा केंद्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन जमा कर दिया। उन्होंने समर्थन उनके साथ रहेगा क्योंकि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो काम हुआ है। उसे देखते हुए लोगों का आशीर्वाद जरूर मिलेगा। सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया ने कहा कि यह व्यक्तियों के बीच लड़ाई नहीं है। यह विचारधाराओं की लड़ाई है एक तरफ भाजपा के विचारधारा है जो सबके लिए न्याय की बात करती है। लेकिन तुष्टिकरण के खिलाफ है। वहीं दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस है शासन काल में यहां पर तमाम घोटाले हुए हैं। शिक्षा मंत्री सहित कई मंत्री जेल में है। टीएमसी नेताओं के घरों से उनकी महिला मित्रों के घरों से करोड़ों रुपए बरामद हो रहे हैं। इसलिए अब जनता को यह तय करना है कि वह किस तरह का बंगाल चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कल भी कोलकाता हाई कोर्ट का एक आदेश आया था। जिसमें पैसे लेकर जिन नियुक्तियों को किया गया था उनको रद्द कर दिया गया। वही शत्रुघ्न सिन्हा द्वारा पिछले दो सालों में आसनसोल में उनके द्वारा सांसद के तौर पर काफी काम किए जाने के दावे पर सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया ने कहा कि यह जनता तय करेगी कि उन्होंने सच में काम किया है या नहीं। उन्होंने कहा कि जब वह बर्दवान दुर्गापुर केंद्र से सांसद थे। तब उन्होंने अपने सांसद निधि के सारे 17 करोड रुपए खर्च किए थे। बल्कि उनके पहले के जो दो सांसद थे और जिन्होंने अपने कोटे के पैसे पूरी तरह से खर्च नहीं किए थे। उन पैसों का भी उन्होंने सदुपयोग करते हुए कई परियोजना शुरू की थी। उन्होंने दावा किया कि पिछले लोकसभा में बंगाल से सांसद निधि का सबसे ज्यादा पैसा खर्च करने वाले वह सांसद थे। उन्होंने कहा कि वह कोई ज्योतिषी नहीं है कि वह कह सके कि चुनाव के नतीजे क्या होंगे। लेकिन लोगों के चेहरे पढ़कर उनको जो लग रहा है। उससे वह पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की जीत होगी।

## आसनसोल लोकसभा सीट से माकपा प्रत्याशी जहांआरा खान ने किया नामांकन



**आसनसोल ।** कांग्रेस समिर्थत इंडिया गठबंधन की माकपा प्रत्याशी जहांआरा खान ने भी आसनसोल लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस मौके पर उनके साथ नियम अनुसार चार वामपंथी नेता उपस्थित थे। उन्होंने आज जिला शासक दफ्तर में अपना नामांकन पत्र जमा किया इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए। उन्होंने कहा कि जिस दिन से प्रत्याशी के रूप में उनके नाम की घोषणा हुई है वह उसी दिन से चुनाव प्रचार में जुट गई हैं वह आम लोगों के बीच जा रही हैं श्रिमक श्रेणी के लोगों से मिल रहीं हैं और जो प्रतिक्रि या उनको मिल रही है उससे वह पूरी तरह से निश्चित है कि इस बार आसनसोल लोकसभा सीट से एक बात फिर लाल परचम फहराएगा उन्होंने कहा कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच कोई फर्क नहीं है एक पार्टी देश को लूट रही है तो दूसरी पार्टी राज्य को लूट रही है उन्होंने कल कोलकाता हाई कोर्ट द्वारा नियुक्ति घोटाले में दिए गए फैसले के परिपेक्ष में कहा की जो योग्य नौकरी प्रत्याशी हैं उनको नौकरी मिलनी चाहिए और जिन्होंने पैसे देकर अयोग्य होते हुए भी नौकरी हासिल की है उनकी नौकरी जानी चाहिए लेकिन यहां पर यह सवाल भी उठता है कि जिन्होंने पैसे दिए उन्होंने बहुत तकलीफों के साथ टीएमसी नेताओं को पैसे दिए इसके बदले उनको नौकरी मिली ऐसे में जिन्होंने पैसे लिए हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वही आसनसोल लोकसभा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के बारे में बात करते हुए जहांआरा खान ने कहा कि यहां पर सबसे बड़ी समस्या जो है वह बंद पड़े कारखाने की समस्या है। उन्होंने कहा कि यहां पर ऐसे कई कारखाने हैं जो बंद पड़े हैं चाहे वह हिंदुस्तान केबल्स हो या बर्न स्टैंडर्ड या अन्य कोई कारखाना यहां तक की रानीगंज में मंगलपुर पेपर मिल भी बंद होने के कगार पर है लेकिन ना तो भाजपा और नहीं टीएमसी किसी को भी इसकी कोई फिक्र है दूसरी समस्या उन्होंने पीने के पानी की समस्या की बात की। उन्होंने कहा कि आसनसोल लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पानी की समस्या है। उन्होंने टीएमसी सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में इस सरकार द्वारा लोगों को पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं कराया जा सका। जबकि वंश गोपाल चौधरी जब यहां के सांसद थे तब उन्होंने इसके लिए आर्थिक व्यवस्था करवाई थी लेकिन उसका भी लाभ लोगों को नहीं मिल पाया क्योंकि यहां पर टीएमसी प्रशासन बिल्कुल नाकारा है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने लोगों से बातचीत करके जो प्रतिक्रि या देखी है उससे उनका पूरा भरोसा है कि आसनसोल में इंडिया गठबंधन की ही जीत होगी।

## आसनसोल रेलवे मंडल ने किया स्मारकों और स्थलों के संरक्षण को साइक्लोथॉन

**आसनसोल।** हर साल 18 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व विरासत दिवस (अंतर्राष्ट्रीय स्मारक और विशिष्ट-स्थल दिवस) के उपलक्ष्य में पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल द्वारा आज 23.04.2024 को हेरिटेज साइक्लोथॉन (साइकिल दौड़) का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर श्री चेतना नंद सिंह, मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल/पूर्व रेलवे ने हेरिटेज साइक्लोथॉन के साथ एक जीवंत समारोह का नेतृत्व किया, जिसमें स्मारकों और स्थलों के संरक्षण और ऐसे क्षेत्रों के ऐतिहासिक महत्त्व का उल्लेख किया गया। हेरिटेज साइक्लोथॉन, पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल की एक सहयोगात्मक पहल, ने प्रतिभागियों को आसनसोल रेलवे मंडल के प्रतिष्ठित स्थलों और विरासत स्थलों से होते हुए एक मनोरम यात्रा करवाई। मंडल के सभी शाखा अधिकारियों, कर्मचारियों और स्काउट्स एवं गाइड्स के स्वयंसेवकों ने मंडल के भीतर संरक्षित स्मारकों और स्थलों की अमूल्य विरासत के लिए जागरूकता और प्रशंसा को बढ़ावा देने के लिए हाथ मिलाया। मंडल रेल प्रबंधक/आसनसोल के दूरदर्शी नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने न केवल वास्तुशिल्प कला और ऐतिहासिक स्थलों के महत्त्व को उजागर किया, बल्कि सतत परिवहन और पर्यावरणहितैषी पहल के महत्त्व को भी रेखांकित किया। आने वाली पीढ़ियों के लिए आसनसोल में अविस्थत विरासत की रक्षा और संरक्षण करने का संकल्प लेते हुए सभी प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ सड़कों पर पैडल मारते हुए साइकल-भ्रमण किया और सामुदायिक व सौहार्द की भावना को भी बढ़ावा दिया। इस हेरिटेज साइक्लोथॉन ने विश्व विरासत दिवस के महत्त्व की एक मार्मिक याद दिलाई, जिसके तहत नागरिकों से उन स्मारकों और स्थलों की विरासत को संजोने और सुरिक्षत रखने का आग्रह किया गया, जो हमारी सामूहिक पहचान का आधार हैं। उक्त हेरिटेज साइक्लोथॉन की शुरु आत रेलवे ऑफिसर्स क्लब, आसनसोल से हुई और मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, आसनसोल में जाकर सम्पन्न हुई।

## प्रयागराज स्टेशन पर उन्नयन कार्य के लिए ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन

**आसनसोल।** उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत 28.04.2024 से 11.06.2024 तक प्रयागराज स्टेशन के बड़े उन्नयन कार्य के संबंध में प्लेटफॉर्म संख्या 07 और 08 को बंद करने के कारण निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार मार्ग परिवर्तन किया गया है: - मार्ग परिवर्तन: 28.04.2024 और 09.06.2024 (19 ट्रिप) के बीच प्रत्येक बुधवार, गुरुवार और रविवार को हावड़ा से प्रस्थान करने वाली 12381 हावड़ा - नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस को पं. दीनदयाल उपाध्याय-वाराणसी-प्रयाग-प्रयागराज जं. के बजाय पं. दीनदयाल उपाध्याय-मिर्जापुर-प्रयागराज जं. के रास्ते चलाया जाएगा। 12382 नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस को प्रयागराज जं. -प्रयाग-वाराणसी पं. दीन दयाल उपाध्याय. के बजाय प्रयागराज जंक्शन-मिर्जापुर - पं. दीन दयाल उपाध्याय के रास्ते चलाया जाएगा।

### हावड़ा और रक्सौल के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**आसनसोल।** गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए रेलवे ने हावड़ा-रक्सौल के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 05560 रक्सौल-हावड़ा समर स्पेशल 27.04.2024 (शनिवार) को रक्सौल से 13:30 बजे खुलेगी और अगले दिन 04:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी तथा 05559 हावड़ा-रक्सौल समर स्पेशल 28.04.2024 (रविवार) को हावड़ा से 23:30 बजे खुलेगी और अगले दिन 15:00 बजे रक्सौल पहुंचेगी। उक्त ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार के आसनसोल मंडल के जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल और दुर्गापुर स्टेशनों पर रु केगी। वातानुकूलित श्रेणी के डिब्बे होंगे।

## बर्नपुर में लगी आग, 40 दुकानें जल कर राख



**बर्नपुर ।** इस्पात नगरी बर्नपुर के अपर रोड इलाके में मंगलवार आग लग गई, जिसमें लगभग 40 दुकानें जलकर राख हो गई। घटना के बारे में स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रमोद नामक एक व्यक्ति ने अपने घर में चूल्हा जलाया था और चूल्हा जलाकर वह चला गया था। 1 घंटे बाद अचानक उसके घर में आग लग गई और उसके बाद यह आग इलाके में फैल गई। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी उसे घर में दो बार आग लग चुकी है, जिसमें एक घटना में एक महिला की मौत भी हो चुकी है। यह बहुत अजीब बात है कि बार-बार उसी घर में आग लग रही है। उन्होंने बताया कि आग लगने के बाद उन्होंने हीरापुर थाना दमकल विभाग और स्थानीय पार्षद को फोन किया। दमकल की टीम आई और आग पर काबू पा लिया गया।

### बर्नपुर के नरसिंह बांध में एक घर में लगी आग

**बर्नपुर ।** बर्नपुर के नरसिंह बांध इलाके में एक घर में आग लग गई। खबरों के मुताबिक उस समय घर पर कोई नहीं था। घर के सदस्य किसी शादी के अनुष्ठान में गए हुए थे। जब पड़ोसियों ने इस अिग्नकांड को देखा तो उन्होंने सबसे पहले खुद ही आग बुझाने की कोशिश शुरू की। इस बीच दमकल को खबर दी गई। दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को पूरी तरह से बुझा दिया। घर की मालिकन किरण नामक एक महिला ने बताया कि आज जब लगी तब घर में कोई नहीं था। उनके पति भी बर्नपुर से बाहर हैं। उनका कहना था कि उनकी समझ में नहीं आ रहा है कि कैसे आग लग गई। इस घटना में कोई हताहत तो नही हुआ लेकिन घर को नुकसान हुआ है। सूत्रों के अनुसार आग शॉर्ट सिर्क ट के कारण लगी होगी।

## सियालदह-वडोदरा-सियालदह ग्रीष्मकालीन स्पेशल के समय में संशोधन

**दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी**

**आसनसोल।** रेलवे ने 03109/03110 सियालदह-वडोदरा-सियालदह समर स्पेशल ट्रेन के समय को संशोधित करने का निर्णय लिया है, जिसे पहले अधिसूचित किया गया था। 03109 सियालदह - वडोदरा स्पेशल 23.04.2024 और 25.06.2024 (10 ट्रिप) के बीच प्रत्येक मंगलवार को सियालदह से 07:40 बजे रवाना होगी और अगले दिन 20:00 बजे वडोदरा पहुंचेगी तथा 03110 वडोदरा - सियालदह स्पेशल 25.04.2024 और 27.06.2024 के बीच प्रत्येक गुरु वार को 16:45 बजे (10 ट्रिप) वडोदरा से रवाना होगी और तीसरे दिन 01:30 बजे सियालदह पहुंचेगी। उक्त स्पेशल ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार के आसनसोल मंडल के दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रु केगी। उक्त ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित श्रेणी के डिब्बे होंगे।

### विजयवाड़ा मंडल पर रोलिंग ब्लॉक के लिए ट्रेनों का विनियमन

आसनसोल। 29.04.2024 से 26.05.2024 तक विजयवाड़ा मंडल पर रोलिंग कॉरिडोर ब्लॉक के निष्पादन के कारण निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार मार्ग परिवर्तन किया जाएगा: मार्ग परिवर्तन- 22643 एर्नाकुलम-पटना एक्सप्रेस (29.04.2024, 06.05.2024, 13.05.2024 और 20.05.2024 को होने वाली यात्रा) को विजयवाड़ा - गुडीवाड़ा - भीमावरम टाउन-निड़दवोलू के रास्ते चलाया जाएगा। 12376 जसीडीह-तांबरम एक्सप्रेस (01.05.2024, 08.05.2024, 15.05.2024 और 22.05.2024 को होने वाली यात्रा) को निड़दावोलु-भीमावरम-गुडीवाड़ा-विजयवाड़ा के रास्ते चलाया जाएगा, जिसका ठहराव एलुरु में नहीं होगा।यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए अत्यंत खेद है।

## धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान जयंती महोत्सव

**आसनसोल / दुर्गापुर।** मंगलवार को दुर्गापुर समेत पूरे शिल्पांचल में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। वहीं दुर्गापुर के ओल्ड कोर्ट इलाके में कृपा मूर्ति हनुमान मंदिर समिति के तरफ से हनुमान जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृपा मूर्ति हनुमान मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। श्री हनुमान जी की विशेष पूजा पाठ की गई। भगवान श्री राम के परम भक्त एवं पवन पुत्र हनुमान जी की पूजा अर्चना करने के लिए दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लग रहा। श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना के साथ ही मंदिर में 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस दौरान तमाम भक्तों ने श्री हनुमान जी का जय जयकार किया। जिससे पूरा माहौल भिक्तमय नजर आया। भक्तों में भारी उत्साह एवं उल्लास देखा गया। हनुमान जयंती के अवसर पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा का भक्तों को वर्ष भर बेसब्री से इंतजार रहता है। परंतु इस बार एक दुखद घटना की वजह से शोभायात्रा स्थिगत करनी पडी हैं। कृपा मूर्ति हनुमान मंदिर समिति के तरफ से राम लखन सिंह ने बताया कि पिछले लगभग 14 वर्षों से कृपा मूर्ति हनुमान मंदिर में प्रत्येक वर्ष श्री हनुमान जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाता है और विशाल शोभायात्रा निकाली जाती है। परंतु इस बार एक दुखद घटना की वजह से शोभायात्रा स्थिगत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मंदिर में विधिवत्त पूजा पाठ के साथ ही अखंड हरी कीर्तन शुरू हुआ है। बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्र म आयोजित किया जाएगा एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा। राम लखन सिंह ने कहा कि पवन पुत्र हनुमान जी का समर्पण भाव समस्त राम भक्तों के लिए सदैव प्रेरणा शिक्त बना रहेगा। हमलोगों की यही कामना है कि पवन पुत्र हनुमान जी की कृपा सभी पर बनी रहे। इस अवसर पर कृपा मूर्ति हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष संजीव पांडे, सचिव नंदिकशोर यादव, शिवबदन सिंह, शंकर राय, संजय यादव, धर्मेंद्र सिंह, अशोक कुमार सिंह, बृजेश पांडेय, विनोद पांडेय, दिनेश सिंह व अंशु उपाध्याय समेत तमाम सदस्य उपस्थित थे। वही दूसरी और आसनसोल के महावीर स्थान मंदिर प्रांगण मे श्री बजरंगबली के जन्मोत्सव पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जहाँ हनुमान भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भिक्त भाव से पूजा अर्चना की।



# हनुमान जयंती पर बराकर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बराकर ।** हनुमान जयंती के अवसर पर मंगलवार को बराकर के विभिन्न मंदिरों तथा हनुमान मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान सभी मंदिरों को रंग रोगन कर विभिन्न तरह के कृत्रिम तथा प्राकृतिक फूलों से सजाया गया । इसके बाद हनुमान जी की प्रतिमा का भव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया । बराकर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी ब्रह्मदेव पाण्डेय ने बताया कि सर्वप्रथम हनुमान जी का अभिषेक किया गया । इसके बाद पूजन कार्य संपन्न हुआ। वही संध्या के समय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया इसके बाद महा आरती तथा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम है। वहीं बराकर चौक बाजार स्थित मारवाड़ी पंचायती ठाकुरबाड़ी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विगत 12 मार्च 2024 से हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया था। जिसे आज हनुमान जयंती के उपलक्ष पर संपन्न



कर पूर्णाहुति दी गई । अहले सुबह हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष जोत जगाय गया । इसके बाद दोपहर में श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद खिलाया गया तथा संध्या का समय बराकर सुंदरकांड महिला समिति द्वारा भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त तथा मारवाड़ी पंचायती ठाकुरबाड़ी के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। बराकर हनुमान चढ़ाई स्थित हनुमान मंदिर में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हनुमान जयंती हर्षोल्लास के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर मनाया गया । सर्वप्रथम हनुमान जी के विशेष पूजा का आयोजन मंदिर के पुजारी नंदकिशोर पाण्डेय के नेतृत्व मे किया गया । इसके पश्चात सवामणि का भोग छप्पन भोग लगाया गया तथा श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ कार्यक्रम में भाग लिया । इसके बाद सुंदरकांड महिला समिति द्वारा सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद वितरण किया गया । मंदिर परिसर के बाहर एक छोटे मेले जैसा दृश्य दिखाई पड़ा । जहां कई ठेले खुमचे वालों ने कई तरह की दुकानें खोल दी थी । जहां लोग मंदिर में दर्शन पूजा अर्चना करने का पश्चात मेले का आनंद लेते हुए दिखाई पड़ रहे थे । वही सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी । कमेटी के सचिव बंटी माधोगडिया , पंकज लोसलका , चिराग गुप्ता , बंटी सिंह , ललित सुहासारिया ,राजेश अग्रवाल , सहित अन्य सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही ।

## जय हनुमान ज्ञान गुण सागर का स्वर से गूंजा रानीगंज

**रानीगंज।** हनुमान जन्म उत्सव के उपलक्ष पर रानीगंज में सुबह से ही पूरे नगर में जय हनुमान ज्ञान गुण सागर का स्वर सुनाई पड़ रहा था । रानीगंज के बड़ाबाजार हनुमान मंदिर में धूमधाम के साथ जन्म उत्सव मनाई गई। आस्था का केंद्र स्थल के रूप में रानीगंज के इस मंदिर अपना विशेष स्थान है सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार इस मंदिर में देखी गई। हनुमान चालीसा संघ के प्रमुख ओमप्रकाश बाजोरिया ने बताया कि मंदिर का इतिहास लगभग 200 वर्षों का है। हम लोग भी बचपन से यहां आते रहे हैं । यहां जन्म उत्सव के साथ भजन कीर्तन का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता हैं कार्तिक पूणिर्मा में यहां शोभा यात्रा भी निकाली जाती है।



रानीगंज के नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर,मुखी हनुमान मंदिर एवं शिशु बगान हनुमान मंदिर, और श्री सीताराम जी हनुमान मंदिर बिधिवत पूजा अर्चना की गई। इसका आयोजन शिशु बगान मॉर्निंग वॉकर की ओर से की गई। यहां के प्रमुख पंडित प्रमोद पांडे ने बताया कि हनुमान जयंती का विशेष महत्व है । हनुमान जी की पूजा करने से बल, बुद्धि और विद्या की प्राप्ति होती है। साथ ही इस दिन हनुमान जी की विधिवत पूजा करने से व्यक्ति को हर तरह की बाधाओं से मुक्ति मिल जाती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। श्री सीताराम जी मंदिर के प्रमुख पुजारी विजय पांडे ने कहा कि हनुमान जयता हिंदु द्वारा दुनिया भर मे मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह भगवान हनुमान के जन्मोत्सव का अवसर होता है, जो अपनी शक्ति, साहस और भगवान राम के प्रति अपने भक्ति के लिए जाने जाते हैं। यह त्योहार हिंदू माह चैत्र की पूणिर्मा के दिन मनाया जाता है। यह त्योहार भारत में और विशेष रूप से पूरी दुनिया में हिंदू द्वारा उत्साह और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कलयुग में भगवान हनुमान ही एकमात्र मनुष्य जाति का उद्धार कर सकते हैं।

## मारुति नंदन हनुमान मंदिर में 24 घंटा अखंड हरी नाम संकीर्तन का आयोजन

**बराकर ।** बराकर शहर का गायत्री नगर स्थित मारुति नंदन हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर 24 घंटे का अखंड हरी नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया । इस क्रम मे मंदिर के संचालक परिवार द्वारा मंदिर का रंग रोगन किया गया तथा मंदिर को विभिन्न तरह फूलो से सजाया गया । बताया जाता है कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी आसनसोल नगर निगम के वार्ड नंबर 68 गायत्री नगर स्थित श्री श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर के प्रांगण में हनुमान जयंती के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी ने सर्वप्रथम विधिवत हनुमान जी की पूजा अचर्ना कर हरि कीर्तन आरंभ करवाया । अखंड रामायण पाठ तथा हवन यज्ञ लगातार चलता रहेगा । मालूम हो कि यह आयोजन स्थानीय युवा संगठनों द्वारा पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है । कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र के कई भजन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है । जो यहां अपनी सुमधुर श्री राम नाम की धूनी से इलाके के लोगो को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके पश्चात बुधवार को पूर्णाहुति होगी तथा भक्तो को भोग प्रसाद खिलाया जाएगा ।



# कॉलेज छात्र साइकिल लेकर निकला चार धाम यात्रा के लिए



**रानीगंज।** रानीगंज के युवक प्रदीप कुमार त्रिवेणी देवी भालोटीया कॉलेज के बीए छात्र अपने सपने को पूरा करने के लिए साइकिल से केदारनाथ वा चार धाम यात्रा के लिए निकल पड़े उनके माता-पिता ने भाव विभोर होकर विदाई दिए। प्रदीप ने बताया कि मैं अपने काम के पैसे को इकट्ठा किया और साइकिल खरीदी मैं बचपन से ही केदारनाथ धाम के संदर्भ में पत्र पत्रिकाओं में पढ़ा करता था और वहां की विशेषता के प्रति मैं काफी अभिभूत था लेकिन अवसर नहीं मिल रहा था मैंने संकल्प लिया और देवों का देव महादेव के दर्शन पूजा के लिए आज निकल पड़ा हूं उन्होंने बताया मेरी मां एक चनाचूर फैक्ट्री में काम करती है । लेकिन मेरे मन में एक संकल्प है भगवान अमरनाथ के यात्रा और चारों धाम के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करना मेरी रुचि रही है उनके विदाई में उनके मां पिताजी भावुक हो गए। सभी ने आशीर्वाद देकर उन्हें विदाई दी।

## रॉबिन हुड आर्मी -दुर्गापुर शाखा के रॉबिन्स ने किया भोजन सामग्री वितरण



**दुर्गापुर।** रॉबिन हुड आमी के दुर्गापुर शाखा द्वारा आज सुबह 23-4-24 (मंगलवार) को दुर्गापुर रेलवे स्टेशन टैक्सी स्टैंड के पास जरूरतमंद तकरीबन 30 गरीब बच्चों के मध्य सुबह का नाश्ता, जैसे कि, केक एवम बिस्कुट की व्यवस्था की । रॉबिन हुड आमी जो कि राष्टीय स्तर का एक जीरो फंड ऑर्गेनाइजेशन है जिसके स्वयंसेवी को रॉबिन्स कहते हैं । अपनी दूसरी पहल में दुर्गापुर शाखा के रॉबिंस द्वारा गरीब बच्चों को आज भोजन प्रदान किया गया और आशा है कि उससे दुर्गापुर में विभिन्न स्थानों पर और अधिक संख्या में रॉबिन्स प्रबल मन से भाग लेंगे । दुर्गापुर शाखा के रॉबिन्स देबांजना , अरिंदम, मनतार सिंह , आदित्य सिन्हा , शिल्पी सिंह, विदया सिन्हा और अन्य ने आज इसमे भाग लिया ।

# महिला ने ऊंची इमारत के पांचवी मंजिल से कूदकर दी जान

**आसनसोल।** आसनसोल में एक महिला ने ऊंची इमारत की पांचवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। घटना सोमवार शाम करीब छह बजे आसनसोल साउथ थाने के महिशिला कॉलोनी के शिमुलतला में घटी. मृत महिला पांडेबेश्वर निवासी रीना तरफदार (56) है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पांडबेश्वर निवासी रीना तरफदार के बेटे का आसनसोल दक्षिण थाने के मोहिशिला कॉलोनी के शिमुलतला इलाके में बहुमंजिला आवास है. कई दिन पहले वह पांडेबेश्वर छोड़कर आसनसोल में अपने बेटे के घर पर रह रहे थे। सोमवार शाम करीब छह बजे रीना देवी एक बहुमंजिला इमारत के नीचे लहूलुहान अवस्था में पड़ी मिलीं। इससे पहले, फ्लैट के निवासियों ने ऊपर से कुछ पढ़ने की आवाज़ सुनी। वहां से रीनादेवी को परिवार के सदस्यों और क्षेत्र के निवासियों ने आसनसोल जिला अस्पताल के



आपातकालीन विभाग में लाया गया। डॉक्टर ने उसकी जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया. शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने अनुमान लगाया कि रीना तरफदार काफी समय से मानसिक अवसाद से जूझ रही थी. वह इलाज के लिए अपने बेटे के आवास पर रह रहे थे। शायद मानसिक अवसाद के कारण महिला घर के लोगों को बताए बिना छत पर चली गई। बाद में वह नीचे गिरी हुई पाई गई। पुलिस का मानना है कि महिला ने कूदकर आत्महत्या की है. घटना में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# दुर्गापुर के ओडीएम इंटरनेशनल विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस




**दुर्गापुर।** दुर्गापुर के ओडीएम इंटरनेशनल विद्यालय ने विश्व पृथ्वी दिवस का पालन करते हुए पूरे उत्साह और आनंद के साथ मनाया। विद्यार्थियों द्वारा इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य मानव अस्तित्व के लिए पर्यावरण संरक्षक के महत्व पर प्रकाश डालना है। विद्यालय और इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए ओ. डी. एम. इंटरनेशनल शैक्षिक समूह ग्लोबल आउटरीच के निर्देशक श्रीमती जेसिका पटनायक मुख्य अतिथि बनकर आई। जिन्होंने सांकेतिक भाषा में सभी को शुभकामनाएँ दीं साथ ही कुछ गीतिविधियों के मध्यम से पुराने कपड़ों से टोट बैग भी बनाना सिखाया जो वातावरण को प्रदूषित होने से बचाएगा । विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मन्नू कपूर जी ने अपनी सुंदर विचारों के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण से संबंधित बहुत सी महत्त्वपूर्ण बातें बताई और ये पर्यावरण हमारे बहुमूल्य जीवन से किस प्रकार जुड़ा है इस पर उन्होंने प्रकाश डाला। कक्षा आठवीं और नवीं के विद्यार्थियों ने सामुदायिक सफ़ाई पर अपना पूरा योगदान देते हुए स्वच्छता का पाठ सिखाया। कक्षा चौथी और पाँचवीं के विद्यार्थियों ने पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त और वातावरण को हराभरा बनाने के लिए बीजारोपण में पूर्ण सहयोग दिया। होनहार विद्यार्थियों ने ग्रह और प्लास्टिक जैसे शीर्षक पर एक छोटा सा नाट्य रूपांतर प्रस्तुत करते हुए ये दिखाने की कोशिश की है कि प्लास्टिक किस तरह से हमारे पृथ्वी को प्रदूषित कर रहा है साथ ही इस प्रदूषित वातावरण से मुक्ति पाने का उपाय क्या है। जिसे देख और समझकर सभी काफी प्रेरित भी हुए। यह कार्यक्रम सभी के लिए यादगार साबित हुआ।

## पांडवेश्वर : पुराने विवाद को केंद्र कर एक लॉरी चालक ने की दूसरे चालक की हत्या, आरोपी फरार, पुलिस जुटी जांच में

**पांडवेश्वर।** विवाद के कारण एक लॉरी चालक ने दूसरे चालक की हत्या कर दी। मृतक का नाम मोइनुद्दीन मंडल है। घटना के बाद आरोपी चालक फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। सोमवार रात दुर्गापुर-फरीदपुर थाने के मधाईपुर इलाके में मैनुद्दीन मंडल (41) नाम के एक लॉरी ड्राइवर की हत्या कर दी गई। घटना के स्रोत के अनुसार, उस समय मधाईपुर के पास सड़क के किनारे कई लॉरियाँ खड़ी थीं। उसी मालिक की एक अन्य लॉरी का ड्राइवर मृत मोइनुद्दीन से जुड़ा हुआ था। वे मारपीट पर उतारू हो गये. तभी आरोपी ड्राइवर ने मोइनुद्दीन के शरीर के अगले हिस्से में पेचकस घुसा दिया। मोइनुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी चालक लॉरी छोड़कर वापस लौट आया। पुलिस



शव को बरामद कर थाने ले आयी। मंगलवार सुबह थाने के बाहर खड़े मृतक मोइनुद्दीन के चचेरे भाई साजिद रहमान ने बताया कि मृतक मोइनुद्दीन और फरार आरोपी दोनों एक ही मालिक की लॉरी में ड्राइवर का काम करते थे। आरोपी ड्राइवर तेल चोरी समेत अनैतिक गतिविधियों में शामिल था। मोइनुद्दीन उसकी शिकायत मलिक से करता था। जिसकी वजह से दोनों लोगों के बीच नोकझोंक हो रही है। उन्होंने कहा कि हत्या इसी वजह से हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी लॉरी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 18 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की अहम बैठक



**कुल्टी ।** आसनसोल नगर निगम के वार्ड नंबर 18 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बैठक किया। इस बैठक में नगर निगम के पूर्व मेयर सह भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे । बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव में किस प्रकार से कार्यकर्ताओं को कार्य करना है तथा लोगों के घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी देना है । ताकि आसनसोल संसदीय क्षेत्र के भाजपा में द्वारा एसएस अहलूवालिया को भारी बहुमत से जीत दिलाया जा सके । इस विषय पर विचार विमर्श करके रणनीति तैयार की गई । इस अवसर पर पार्षद अमित तुलस्यान पार्षद ललन मेहरा राजेश सिंह अभिजीत आचार्य सहित अन्य लोगों उपस्थित थे ।

**ASANSOL MUNICIPAL CORPORATION ASANSOL**

CORRIGENDUM

1st call 1st Corrigendum notice

N.I.E. EQ. No. 01/WS/Eng/24 Dt. 02.04.24

Bid Submission period: 02.05.24 instead of 22.04.24

Visit to website www.wbtenders.gov.in


For details please contact to Tender Cell, AMC SE, Asansol Municipal Corporation

MEMO NO:1429-G DATED: 22/04/2024

**दानिश के खिलाफ धनबाद की युवती ने आसनसोल उत्तर थाना में कराई थी मामला दर्ज**

# शादी का झांसा देकर यौन शोषण मीम नेता दानिश गिरफ्तार

## आसनसोल उत्तर थाना पुलिस ने अदालत में पेश कर दानिश को लिया चार दिन की रिमांड पर



**आसनसोल।** शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण के मामले में आरोपी एआइएमआइएम जिलाध्यक्ष दानिश अजीज को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को उसे आसनसोल उत्तर थाना पुलिस ने कोर्ट में पेश कर चार दिन की रिमांड पर लिया है। दानिश के खिलाफ झारखंड के धनबाद की एक युवती ने यौन शोषण का मामला कुछ दिन पहले आसनसोल उत्तर थाना में दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की और दानिश को गिरफ्तार किया शिकायतकर्ता पीड़िता ने आरोप लगाया है कि दानिश ने उसे शादी का झांसा देकर उससे लगातार दुष्कर्म किया। वहीं शादी करने से इनकार कर दिया। पिछले एक साल से उसके साथ दानिश का संबंध चल रहा था। उसने दावा किया कि धनबाद व रानीगंज के विभिन्न स्थानों पर वह दोनों मिला करते थे। 31 जनवरी को भी दानिश उसे एक होटल में ले गया और उससे शारीरिक संबंध बनाया। जब शादी का दबाव दिया तो दानिश ने कहा उसे शादी में दिलचस्पी नहीं है। इसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को आपबीती सुनाई। वह लोग पहले दानिश के घरवालों से मिलने आए लेकिन घर वालों ने भी किसी तरह का हस्तक्षेप करने से मना कर दिया। तब जाकर न्याय की आस लिए वह लोग कानून के दरवाजे पर पहुंचे। आसनसोल नार्थ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर उसे दबोच लिया। गौरतलब है कि 2021 में दानिश ने विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। उसके प्रचार में मीम प्रमुख ओवैसी आये थे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए तृणमूल कांग्रेस ने राहगीरों को पिलाया शर्बत



**पांडवेश्वर ।** गर्मी की शुरुआत में ही राज्य भीषण गमी से झुलस रहा है। अन्य जिलों की तरह पश्चिम बदर्वान जिले में भी गमी का प्रकोप जारी है। तापमान 45 डिग्री से अधिक हो गया। इस गमी में डॉक्टर बिना विशेष जरूरत के बाहर निकलने पर रोक लगा रहे हैं। लेकिन लू, लू के खतरे को जानते हुए भी लोगों को विभिन्न जरूरतों के लिए बाहर निकलना पड़ता है। बाहर घूम रहे लोगों को अस्थायी राहत देने के लिए गोगला क्षेत्र तृणमूल कांग्रेस की ओर से शर्बत समेत शीतल पेय का वितरण किया जा रहा है। मंगलवार को पनशिउली स्कूल जंक्शन के सामने सड़क पर चल रहे लोगों को शीतल पेय और शर्बत पिलाया गया। साथ में चना और नकुलदाना भी था। पाटी के गोगला क्षेत्र के अध्यक्ष गौतम घोष ने बताया कि पाटी की ओर से सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शनिवार को कोल्ड ड्रिंक और स्नैक्स का वितरण किया जा रहा है। क्योंकि इन दो दिनों में क्षेत्र में बाजार बैठ रहा है। नतीजा यह है कि अन्य दिनों की अपेक्षा मंगलवार व शनिवार को इस सड़क से अधिक लोगों का आवागमन होता है। यह व्यवस्था उनकी प्यास बुझाने और अस्थायी राहत पहुंचाने के लिए है।

## सफल बंगालियों से नफरत करती हैं ममता बनर्जी : अमित मालवीय



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा के सह प्रभारी और पाटी की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया है कि ममता बनजी सफल बंगालियों से नफरत करती हैं। उन्होंने मिथुन चक्रवती को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मिले पद्मभूषण सम्मान का जिक्र कर कहा है कि इतने बड़े सम्मान के बावजूद ममता बनजी ने उन्हें बधाई तक देने की जहमत नहीं उठाई। अमित मालवीय ने मंगलवार को एक्स पर लिखा है, "पश्चिम बंगाल के लिए गर्व का क्षण क्योंकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कला के क्षेत्र में सुपरस्टार मिथुन चक्रवती को पद्म भूषण से सम्मानित किया। जहां बंगाल इस धरती पुत्र के सम्मान का जश्न मना रहा है। वहीं पक्षपात में अंधी सीएम ममता बनजी ने मिथुन दादा को बधाई देने की भी जहमत नहीं उठाई है। वह सफल बंगालियों से नफरत करती है। उन्हें शर्म आनी चाहिए।"

**अमित मालवीय ने एक्स पर लिखाः "पश्चिम बंगाल के लिए गर्व का क्षण क्योंकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कला के क्षेत्र मे सुपरस्टार मिथुन चक्रवर्ती को पद्म भूषण से सम्मानित किया। पक्षपात में अंधी सीएम ममता बनर्जी ने मिथुन दादा को बधाई देने की भी जहमत नही उठाई ।**

# भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय की गाड़ी से सिलीगुड़ी पुलिस ने बरामद किया डेढ़ लाख नकदी, एफआईआर दर्ज

**कोलकाता।** जलपाईगुड़ी के बाद अब सिलीगुड़ी में पुलिस ने नाका चेकिंग के दौरान सिलीगुड़ी सब-डिविजनल परिषद के घोषपुकुर इलाके में एक बीजेपी नेता की कार से 1.5 लाख कैश बरामद किया है। खबर पाकर चुनाव आयोग के अधिकारी मौके पर गये। बरामद पैसों की गिनती मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिन्हा उस पैसे को कार में लेकर घूम रहे थे। उस कार में उनके साथ भाजपा पंचायत सदस्य लक्ष्मण सिन्हा के बेटे और दो अन्य लोग भी थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि वे गांव-गांव पैसे लेकर जा रहे हैं। गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर सोमवार शामको घोषपुकुर क्रॉसिंग पर तलाशी के दौरान इस गाड़ी को रोका गया और इसमें से डेढ़ लाख रुपये बरामद किये गये। चुनाव आचार संहिता के कारण इस समय इतनी रकम कार में ले जाने की इजाजत नहीं है। नियम अनुसार उम्मीदवारों और उनके प्रचारकों के अलावा कोई भी अगर दस हजार से अधिक की राशि लेकर चल रहा है तो उसे चेक या ऑनलाइन में लेकर चलना होगा। इसलिए कार में सवार संजय सिंह सहित चारों लोगों के खिलाफ सोमवार देर रात प्राथमिकी दर्ज की गई है। वैसे रुपये का सोर्स वैध पाया गया है लेकिन आयोग के निर्देशों की अवहेलना की वजह से एफआईआर दर्ज हुई है।

## सड़क दुर्घटना में चार वर्षीय बच्चे की मौत, सड़क जाम




**मालदा।** सड़क दुर्घटना में चार साल की बच्ची की मौत हो गई है। हादसा मंगलवार को मालदा के हरिश्चंद्रपुर थाना क्षेत्र के भालुका अंचल की है। मृत बच्ची का नाम जमीला खातून है। वह बिहार के दालखोला की रहने वाली थी। दुर्घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने स्टेट हाइवे को जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कल मामू मोड़ इलाके में आगजनी में 20 मजदूरों के घर जलकर राख हो गया था। उसी मोहल्ले में जमीला खातून बिहार से अपने दादा के घर घूमने आई थी। वह इस दिन घर के सामने खेल रही थी। तभी अनियंत्रित गति से आ रही ईंट लदी एक पिकअप वैन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल जमीला खातून को भालुका ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। वहां से जमीला खातून को मालदा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल रेफर कर दिया। जहां जमीला खातून की मौत हो गई। इधर, घटना के बाद ग्रामीणों ने महानंदा मास्टर प्लान के बांध रोड को जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। नाकाबंदी करीब दो घंटे तक चली। जिसकी सूचना पर बालुका चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों से बातचीत कर प्रदर्शन खत्म कराया। स्थानीय लोगों आरोप है कि बंगाल-बिहार को जोड़ने वाली इस सड़क पर हमेशा तेज रफ्तार से गाड़ियां चलती रहती हैं। परिणाम स्वरूप दुर्घटनाएं होती हैं। दूसरी तरफ पुलिस ने वाहन और चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ममता बनर्जी ने हिंदी में दी हनुमान जयंती की शुभकामनाएं

### राज्य पुलिस ने मामले में पथराव या आगजनी करने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी के बजाय रामनवमी की शोभायात्रा में शामिल लोगों को ही गिरफ्तार किया



**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव की सरगमी के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनजी ने रामनवमी के बाद अब हनुमान जयंती की भी शुभकामनाएं दी है। खास बात ये है कि उन्होंने हिंदी में लिखकर यह शुभकामना दी है। ममता बनजी ने मंगलवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल एक्स पर लिखा, सभी देशवासियों को हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। इसके साथ ही उन्होंने बांग्ला भाषा में भी यही शुभकामनाएं लिखी है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में रामनवमी के त्यौहार को लेकर ममता बनजी ने कई जनसभाओं से आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने आशंका जाहिर की थी कि रामनवमी पर दंगे हो सकते हैं और उसी के मुताबिक मुशिर्दाबाद तथा मेदिनीपुर में रामनवमी की शोभा यात्राओं पर पथराव हुए थे। राज्य पुलिस ने मामले में पथराव या आगजनी करने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी के बजाय रामनवमी की शोभायात्रा में शामिल लोगों को ही गिरफ्तार किया है। इसे लेकर भाजपा लगातार हमलावर रही है।

# जनमत सर्वेक्षण भाजपा की ओर से प्रायोजित की जाती है : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि जनमत सर्वेक्षण भाजपा द्वारा प्रायोजित होते हैं। उन्होंने लोगों से इन सर्वेक्षणों पर विश्वास न करने को कहा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को मालदा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी चुनाव सर्वेक्षण पर विश्वास न करें। ये सभी भाजपा द्वारा प्रायोजित हैं। विधानसभा चुनाव में उन्होंने दावा किया था कि भाजपा 200 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेगी, पर ऐसा नहीं हुआ। इस बार भी भाजपा पश्चिम बंगाल में सफल नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का इंडी ब्लॉक के साथ कोई गठबंधन नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने इंडी ब्लॉक के निर्माण में मुख्य भूमिका निभाई। लेकिन पश्चिम बंगाल में, मैंने भाजपा, कांग्रेस और माकपा को हाथ मिलाते देखा। आपको यहां उनमें से किसी को वोट नहीं देना चाहिए। उन्होंने सात चरण के लंबे चुनाव को एक विशेष राजनीतिक दल (भाजपा) को लाभ पहुंचाने की साजिश करार दिया।

## सिलीगुड़ी बार एसोसिएशन के बीच तृणमूल प्रत्याशी का प्रचार



**सिलीगुड़ी।** दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार गोपाल लामा चुनाव प्रचार के लिए सिलीगुड़ी बार एसोसिएशन पहुंचे। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव- 24 के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को है। दूसरे चरण के मतदान में दार्जिलिंग लोकसभा केंद्र में वोट डाले जाने है। जिसमें अब कुछ ही दिन बच गए हैं। जिस वजह से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार गोपाल लामा पहाड़ से लेकर समतल तक सुबह से शाम तक प्रचार में जुटे हुए है। इसी क्रम में गोपाल लामा सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देव, डिप्टी मेयर रंजन सरकार और दार्जिलिंग जिला तृणमूल कांग्रेस महिला अध्यक्ष सुष्मिता बोस मित्र के साथ सिलीगुड़ी बार एसोसिएशन पहुंचे। इस दौरान वकीलों के साथ चाय पिया और अपने समर्थन में वोट देने की अपील की। इस दौरान गोपाल लामा ने कहा कि पहाड़ से लेकर समतल तक लोगों का भरपूर प्यार मिल रहा है। खोखले वादे करने वाले भाजपा का पराजय इस बार तय है।

# अंडाल में ईद मिलन, मुशायरा और पुस्तक विमोचन का किया गया सामूहिक आयोजन



**अंडाल।** अंडाल की सरज़मीं पे अदबी तंज़ीम अर्थात साहित्यिक संस्था ' सदा-ए-अदब ' और स्थानीय क्लब ' बंगाल स्पोर्टिंग क्लब ' के जानिब से एक मुशायरा एवं ईद मिलन का आयोजन और साथ ही साथ युवा कवि मोहृ एहतेशाम अहमद द्वारा लिखित ' भीगे जज़्बात, एक काव्य संग्रह ' और मुनीर शमी एवं अन्य द्वारा लिखित अँग्रेज़ी ग्रामर पुस्तक का लोकार्पण आज दक्षिण बाज़ार स्थित मोहसिनाबाद कम्युनिटी हॉल में बड़े हर्षोल्लास से किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ तिलावत-ए-क़ुरान और फिर दीप प्रज्वलन से किया गया। उसके बाद स्थानीय ना'त-ख़्वाँ मोहृ अमीन द्वारा ईद मिलन पे शेर पेश किया गया और फिर मुशायरा का आगाज़ हुआ। ईद की खुशियों के बीच शाम शायराना हुई। ईद मिलन और मुशायरे के दौरान मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा पुस्तक लोकार्पण का। अंडाल के उभरते युवा कवि मोहृ एहतेशाम अहमद की किताब ' भीगे जज़्बात ( एक काव्य संग्रह ) ' का विमोचन आमंत्रित कवि और कवियित्री गण ने किया। उनकी लोकार्पित पुस्तक की सराहना की गई। अहमद जी ने बताया कि उनकी किताब की सदा है - मोबाइल से पीड़ित आज की पीढ़ी पुस्तक की तरफ़ लौट आये, फिर पढ़ने का एक माहौल बने और साथ ही साथ लेखन के कार्य को भी बढ़ावा मिले। अतिथि कवियों में शामिल हुए कोलकाता से डॉक्टर ख़ालिद मेराज साहब, आसनसोल से जनाब यासीन शाकिब साहब, जनाब इम्तियाज़ साहब जिन्हों ने मंच संचालन किया, जनाब सुलेमान साहब, मोहृ हफीज़ ( गायक ), मोहतरमा साजिया नाज़ साहिबा, मोहतरमा निगार आरा साहिबा, ग़ज़ाला तबस्सुम साहिबा। रानीगंज से उस्ताद शायर नदीम शाबानी, मोहतरमा साबरा हेना और अन्य शायर और शोअरा मौजूद थें। ' सदा-ए-अदब ', अण्डाल के सचिव मोहृ इरशाद, उपसचिव अफ़ज़ल रहबर, अध्यक्ष मोहृ एहतेशाम अहमद, उपाध्यक्ष मोहृ अशरफ़, खजांची मोहृ फैयाज़, मोहृ मशकूर, मुनीर शमी और जावेद खान जैसे शायरों ने भी अपने अपने कलाम बहुत ख़ुबसूरत ढंग से पेश किये। अंडाल ब्लॉक के तृणमूल अध्यक्ष कालू मंडल ने भी अपना वक्तव्य रखा। पंचायत समिति मेम्बर और ' सदा-ए-अदब ' के उभरते नौजवान शायर मोहृ मुस्तफ़ा खान साहब की भूमिका सराहनीय रही। बंगाल स्पोर्टिंग क्लब के सभी सदस्यों और दशर्कों की भूमिका भी क़ाबिल-ए-तारीफ़ रही।

## राज्य की मुख्यमंत्री विभिन्न जगहों पर सभाएं करने के बाद रात्रि विश्राम के लिए पहुंची दुर्गापुर



**दुर्गापुर।** राज्य की मुख्यमंत्री और तृणमूल सुप्रीमो ममता बनजी मंगलवार दुर्गापुर पहुंचीं। मंगलवार को मालदा, बीरभूम और पूवी बधर्मान में लोकसभा उम्मीदवारों के समर्थन में सभाएं करने के बाद वह हेलीकॉप्टर से दुर्गापुर के गांधी मैदान पहुंचीं। वहां से सड़क मार्ग से ममता बनजी सिटी सेंटर के निजी होटल सिटी रेजीडेंसी पहुंचीं। ममता दीदी कि आने की ख़बर पा कर तृणमूल कांग्रेस के कई कार्यकर्ता होटल के बाहर जमा हो गए। तृणमूल सूत्रों के मुताबिक ममता बनजी रात दुर्गापुर में विश्राम करने के बाद कल बुदबूद और हाउसग्राम में तृणमूल उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगी।

